# प्रिंस खान ने व्यवसायी को दी धमकी 30 लाख दो वर्ना खोपड़ी खोल देंगे



- संदेहियों की सीसीटीवी फुटेज निकाल जांच में जुटी पुलिस
- दुबई में बैठ रंगदारी कर रहा गैंगस्टर, सिर धुनने को मजबूर है पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** गैंगस्टर प्रिंस खान की कमर तोड़ने का दावा करने वाली धनबाद पुलिस एक बार फिर अपना सिर धुनने को मजबूर हो गई. दुबई में बैठे गैंगस्टर ने इस बार हीरापुर के एक जेवर दुकानदार को धमकाया है. फोन कर कहा है कि जीना चाहते हो तो 30 लाख रुपये दे दो, नहीं तो खोपड़ी खोल देंगे. इस धमकी के बाद से कारोबारियों में दहशत का माहौल है. इधर, पुलिस सीसीटीवी फुटेज, चेहरा मिलान, मोबाइल सर्विलांस जैसे शब्दों में उलझी हुई है. गैंगस्टर प्रिंस खान लंबे अरसे से धनबाद पुलिस और यहां के कारोबारियों के लिए सिरदर्द बना हुआ है. यहां के व्यापारियों को रंगदारी के लिए धमकाना, वसूली करना, नहीं देने पर फायरिंग तक करवा देना उसकी आदत में शुमार है. हर वारदात के बाद पुलिस की सक्रियता बढ़ती है. गैंग के लोग पकड़ कर जेले भी भेजे जाते हैं. चंद दिनों की अस्थायी शांति के बाद स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती है. हीरापुर के दुकानदार ने पुलिस को खबर दी है कि बुधवार को दोपहर दो युवकों ने उसकी दुकान के बोर्ड की तस्वीर ली थी. तस्वीर लेने के बाद दोनों वहां से खिसक गए. बोर्ड में दुकानदार का मोबाइल नबंर अंकित था. तभी रात में दुकानदार को अज्ञात नंबर से फोन आया. फोन करने वाले ने खुद को प्रिंस खान बताते हुए 30 लाख रुपये एकमुश्त मांगे और कहा कि हर महीने तीस हजार देने होंगे, नहीं तो जान से हाथ धोना पड़ेगा. फोन आने के बाद व्यापारी ने इसकी जानकारी पुलिस को दी. जेवर दुकानदार ने अपनी दुकान में लगे सीसीटीवी से दोनों युवकों द्वारा बोर्ड की तस्वीर लेने वाला फुटेज निकाल कर पुलिस को सौप दिया. पुलिस दोनों युवकों की शिनाख्त के लिए इलाके की लगभग हर दुकान जहां सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, उनके फुटेज लेकर माथापच्ची कर रही है. तस्वीर लेने के बाद दोनों युवक कहां गए, वे कौन थे, क्या उनके साथ और कोई था, उन्होंने किस वाहन का प्रयोग किया, इन सारे सवालों का जवाब तलाशने में पुलिस जुटी है.

## गिरिडीह : सौर ऊर्जा से जगमग होगा अधिवक्ता संघ भवन

**गिरिडीह।** गिरिडीह के अधिवक्ताओं के लिए अच्छी खबर है. अधिवक्ता संघ भवन जल्द ही सौर ऊर्जा से जगमग होगा. इसमें अधिवक्ताओं का बड़ा सभागार सहित पूरा संघ भवन शामिल है. योजना को मूर्त रूप देने में कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व जिले के पांच विधायकों की अहम भूमिका होगी. महासचिव चुन्नू कांत ने बताया कि गिरिडीह अधिवक्ता संघ भवन में जल्द ही सौर ऊर्जा का कनेक्शन किया जाएगा. इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है. चुन्नू कांत की मानें, तो राज्य में यह अधिवक्ताओं का पहला भवन होगा, जहां वैकल्पिक ऊर्जा के सहारे पंखा और लाइट का उपयोग किया जा सकेगा. उल्लेखनीय है कि संघ भवन का बिजली बिल पिदले 10 वर्षों से बकाया है.

## नाबालिग लड़की की जबरदस्ती शादी करा रहे सात लोग गिरफ्तार



**गिरिडीह।** नाबालिग लड़की की जबरदस्ती शादी करा रहे सात लोगों को गिरिडीह पुलिस ने गिरफ्तार किया है. एसपी दीपक शर्मा को गुप्त सूचना मिली थी कि झरियागादी शिव मंदिर में नाबालिग लड़की के साथ उत्तर प्रदेश के लडके की जबरदस्ती शादी करायी जा रही है और उसे ट्रैफिकिंग कर दूसरे जगह ले जाना है. जिसके बाद पुलिस और जिला प्रशासन की टीम ने त्वरित कार्रवाई की. इस दौरान नाबालिग लडकी, आरोपी दुल्हा योगेश कुमार, दलाल गणेश राम, लड़की के पिता सुनील ठाकुर, माता मीना देवी, चाची किरण देवी, लड़का का भाई मुकेश कुमार, सोरेन कुमार और अगुवा गणेश राम को पकड़ा. पूछताछ में पता चला कि इन सभी नियत लड़की को बाहर ले जाकर गलत काम कराने की थी.

## साकची में तीन हथियार के साथ पांच गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के साकची थाना अंतर्गत आरवी स्कूल के पीछे क्वार्टर नंबर 57ए में छापेमारी कर तीन हथियार के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही में पुलिस ने साकची मस्जिद के पास से बाइक में अन्य तीन युवकों को भी गिरफ्तार किया है. सभी किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए जुटे थे. पुलिस सभी को थाने ले गई है जहां सभी से पूछताछ की जा रही है. स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त क्वार्टर काफी समय से बंद पड़ा है. क्वार्टर में रात को कुछ युवक आना जाना करते थे. कई बार आस पास के लोगों की बाइक से पेट्रोल भी चोरी होने की घटना सामने आई है. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त क्वार्टर में कुछ युवक किसी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से जुटे हुए है. सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की और युवकों को गिरफ्तार किया. फिलहाल सभी से पूछताछ की जा रही है.

## एसएनएमएमसीएच में ओपीडी रजिस्ट्रेशन का लिंक फेल, मरीजों नें जमकर किया हंगामा



**धनबाद।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) के ओपीडी के रजिस्ट्रेशन काउंटर का लिंक गुरुवार को खुलने के साथ ही फेल हो गया. सुबह आठ बजे काउंटर तय समय से खुला. इस दौरान इंटरनेट कनेक्शन का लिंक फेल होने से रजिस्ट्रेशन शुरू नहीं हो सका. एक घंटे में रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर मरीजों की लंबी कतार लग गयी. लोगों ने हंगामा करना शुरू कर दिया. हंगामा कर रहे मरीजों को शांत कराने में होम गार्ड जवानों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी. लिंक फेल होने के कारण कई मरीज बिना इलाज के ही लौट गये. वहीं कुछ मरीज दूसरी पाली में इलाज कराने का इंतजार कर रहे हैं. बता दें कि ओपीडी में सुबह आठ बजे रजिस्ट्रेशन शुरू होता है. वहीं 8.30 से दोपहर 12 बजे तक चिकित्सीय परामर्श मरीजों से मिलते हैं. सुबह में ओपीडी में सीनियर डॉक्टर आते हैं.

## श्रम विभाग के जिला धावा दल ने निरसा में मनीहारी स्टोर से बाल श्रमिक को कराया मुक्त

**धनबाद।** श्रम विभाग के जिला धावा दल ने गुरुवार को अलग-अलग प्रतिष्ठानों में काम करने वाले बाल श्रमिकों को मुक्त कराने के लिए अभियान चलाया. निरसा के लक्की मनिहारी स्टोर में 14 वर्ष से कम उम्र के बाल श्रमिक को मुक्त कराया गया. इसके अलावा धनबाद की गया सिंह लिट्टी दुकान, कोर्ट मोड़ हिरापुर के तिवारी होटल सहित अन्य प्रतिष्ठानों में भी छापेमारी अभियान चलाया गया, लेकिन उन स्थानों पर कोई बाल श्रमिक नहीं मिला. हालांकि किसी भी प्रतिष्ठान में बाल श्रमिक को काम पर नहीं रखने संबंधी बोर्ड व पोस्टर नहीं लगाया गया था. टीम ऐसे सभी प्रतिष्ठानों को नोटिस भजेगी. सहायक श्रमायुक्त रंजीत कुमार ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया. 14 वर्ष से कम उम्र के बाल श्रमिकों से काम कराना कानूनन अपराध है.

## धनबाद : आश्रित को नौकरी व मुआवजे की मांग, परियोजना का काम 30 घंटे से ठप

**धनबाद।** बीसीसीएल ब्लॉक दो क्षेत्र की मधुबन वाशरी में फिटर के पद पर कार्यरत अनिल चौहान ( 48 वर्ष) की मृत्यु के बाद उसके आश्रित को नौकरी व मुआवजा की मांग को लेकर ग्रामीणों और मजदूरों ने परियोजना का कामकाज 30 घंटे से ठप रखा है.परिजन, ग्रामीण व मजदूर मृत कर्मी का शव 14 नंबर हाजिरी घर के समीप हॉल रोड पर रखकर जमे हुए हैं. इससे परियोजना में संप्रेशण, डिस्पैच, ट्रांसपोर्टिंग आदि के कार्य पिछले 30 घंटे से ठप पड़े हैं. मृतक की पत्नी मुनिया देवी ने अपने बड़े पुत्र सीताराम कुमार को कंपनी में नौकरी व मुआवजा देने की मांग की है. आंदोलन का नेतृत्व कर रहे जनता मजदूर संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष गोपाल मिश्रा ने बताया कि इस मुद्दे पर महामंत्री सिद्धार्थ गौतम की बीसीसीएल के सीएमडी व कार्मिक प्रबंधक से हुई है. जल्द ही बीसीसीएल के वरीय प्रबंधन से वार्ता कर मृतक के परिवार को न्याय दिलाया जाएगा.

## एक नजर

### धनबाद में कांपी धरती, लोगों में दहशत

**धनबाद।** गुरुवार की दोपहर लगभग 3:43 मिनट पर धरती कांपी. धरती के कांपने से धनबाद के विभिन्न क्षेत्रों में अपना- तफरी का माहौल हो गया और लोगों में दहशत है. गुरुवार की दोपहर धनबाद के विभिन्न क्षेत्रों से धरती कांपने की सूचना मिली. ।जिसमें सरायढेला, स्टील गेट, कोयलानगर, कार्मिक नगर, जगजीवन नगर समेत विभिन्न क्षेत्रों से धरती हिलने की सूचना सामने आई . इस संबंध में विस्तृत जानकारी का इंतजार है. भूकंप आने से लोग घर छोड़कर बाहर निकल गए. गनीमत रही कि खबर लिखे जाने तक कहीं से भी किसी तरह के जान- माल के क्षति की सूचना नहीं आई है.

### बाइक को टाटा मैजिक ने मारी टक्कर, तीन लोग जख्मी

**धनबाद।** धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग पर तेलमच्चो चेक पोस्ट के समीप गुरुवार को टाटा मैजिक की टक्कर से बाइक पर सवार 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. इनमें एक युवक व 2 लड़कियां शामिल हैं. ग्राम रक्षा दल के सदस्यों ने लहूलुहान अवस्था में तीनों घायलों को सड़क से उठाकर बोकारो स्थित अस्पताल में भर्ती कराया. ग्राम रक्षा दल के सदस्य सरयू नापित ने बताया कि फुसरो निवासी युवक उपेन्द्र मोदी अपने दो मोसेरी बहनों रिंकू कुमारी और संजोती कुमारी के साथ बाइक से छठ का प्रसाद पहुंचाने पुपुनकी जा रहा था. तेलमच्चो ब्रिज के उस पार चास पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी. पकड़ जाने के डर से उसने बाइक मोड़ कर वापस तेलमच्चो की और लौटने लगा. तभी धनबाद की और से तेज गति से जा रहे टाटा मैजिक वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे तीनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये. पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर एंबुलेंस से तीनों घायलों को नीलम नर्सिंग होम चास में भर्ती कराया. वहीं, घटना के बाद टाटा मैजिक का चालक वाहन छोड़कर भाग निकला.

## पीडीएस दुकानों का मंत्री प्रतिनिधि ने की जांच

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** पतरातू प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के लाभुकों द्वारा शिकायत मिलने पर खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले के रामगढ़ जिले के मंत्री प्रतिनिधि अनिल मुंडा ने जांच की. इस दौरान बरकाकाना सीआईसी बस्ती के अंबा स्वयं सहायता समूह लाइसेंस नंबर 06/2014 में दर्जनों लाभुक मौजूद थे, पर दुकान नहीं खुली थी. प्रतिनिधि के पूछने पर लाभुक मोहम्मद लुकमान, सरफराज, सुल्ताना बेगम, शौकत, तरन्नुम प्रवीण आदि लोगों ने बताया कि दुकानदार समय पर दुकान नहीं खोलते. राशन 30 किलो की जगह 25 किलो 26 किलो दिया जाता है. ज्यादा बोलने पर डीलर द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है. वहीं घुटुवा रोड स्थित रमेश प्रसाद अग्रवाल लाइसेंस नंबर 08/88 दुकान भी बंद पाया गया. वहीं शुक्रवार बाजार घुटूवा बस्ती में जन वितरण प्रणाली की दुकान लाइसेंस नंबर 21/2009 में काफी संख्या में लाभुक थे. सभी ने कहा कि 5 किलो से 6 किलो तक अनाज काटा जाता है. जांच के क्रम में लाभुक बिरजू उरांव पीला कार्ड संख्या 202005739727 की राशन वजन किया गया तो 31 किलो मिला. दुकान पर महिला मंडल की कोई भी सदस्य नहीं थी. वही दुर्गी बस्ती में मंत्री पैक्स लाइसेंस नंबर 112/95 को भी जांच के दौरान लाभुक मझली देवी पीला कार्ड को 35 किलो अनाज की जगह 32 किलो दिया गया.

### दोषी पीडीएस दुकानदारों पर होगी कार्रवाई : अनिल मुंडा

दुर्गा बस्ती के ही लाइसेंस संख्या 27/2009 की दुकान पर जांच में ले रहे लाभुक तौसीफ आलम कार्ड संख्या 91202003123944 को अनाज 30 किलो की जगह 29 किलो दिया गया. दुकानदार से पूछने पर बताया कि राशन हम लोगों को काट कर दिया जाता है. हम लोग कहां से पूरा अनाज दे पाएंगे. मंत्री प्रतिनिधि ने कहा कि जो भी डीलर लाभुकों को 5 से 6 किलो अनाज कम दे रहे हैं तथा उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हैं समय पर दुकान नहीं खोलते हैं ऐसे डीलरों पर विभागीय कार्यवाही कर लाइसेंस रद्द करने की अनुसंशा की जाएगी.

घाटो में जन सुनवाई सभा का आयोजन, सैकड़ों लोग हुए शामिल

## रामगढ़ : घाटो थाना प्रभारी को हटाने की फिर उठी मांग, हुई जन सुनवाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** घाटो थाना प्रभारी को हटाने की मांग की मांग को लेकर जनसुनवाई हुई. जनसुनवाई में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए. घाटो भेलगढ़ा,सरहुल मैदान में भारत जकात मांझी परगना महल के रामगढ़ जिला अध्यक्ष- महादेव मांझी, करमा मांझी, रामसिंह मांझी, जयवीर हंसदा,चेतलाल हेम्ब्रम,भोला मुर्म, मनेन्द्र हेम्ब्रम एवं भारत जकात मांझी परगना महल हजारीबाग के अध्यक्ष - सोहराय किस्कू,मनाराम मांझी के नेतृत्व में हजारों महिला-पुरुष, बच्चे, नौजवान पहुंचे. झंडा बैनर तीर-धनुष हाथों में लिए पुलिस जुल्म के खिलाफ नारा लगाते- अत्याचारी घाटो थाना प्रभारी बलवंत दुबे के ऊपर प्राथमिकी दर्ज करो, घाटो थाना प्रभारी बलवंत दुबे को अविलंब मुवतल करो, मृतक ललन किस्कू के आश्रितों को10 लाख रुपए मुआवजा दो, पुलिस जुल्म-अत्याचार के खिलाफ संघर्ष तेज करो, पुलिस का अत्याचार नहीं सहेंगे, आदिवासियों पर अत्याचार करना बंद करो आदि नारा लगाते हुए जनसुनवाई सभा स्थल पहुंचे. सभा की अध्यक्षता सोहराय किस्कू और संचालन मनेन्द्र हेम्ब्रम ने किया. मंच में मंचासीन भारत जकात मांझी परगना महल के सोहराय किस्कू, महादेव मांझी, जगलाल सोरेन, करमा मांझी, रीता सोरेन, आदिवासी संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक-देवकीनंदन बेदिया,नरेश बडाईक, नीता बेदिया व लाली बेदिया,आदिवासी जन परिषद् के प्रकाश मुंडा ,भाकपा-माले के जिला सचिव-भुनेश्वर बेदिया,हीरा गोप और मासस के बसंत शामिल थे. उपस्थित सभी लोगों ने बारी-बारी से पुष्पांजलि अर्पित कर मौन श्रद्धांजलि दी. सभा पूर्व भारत जकात मांझी परगना महल और आदिवासी संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में विरोध मार्च किया गया. जिसमें हजारों महिला-पुरुष, बच्चे, नौजवानों की भागीदारी में झंडा बैनर तीर धनुष हाथों में लिए पुलिस जुल्म के खिलाफ नारा लगाते-अत्याचारी घाटो थाना प्रभारी बलवंत दुबे को अविलंब मुवतल करो, मृतक ललन किस्कू के आश्रितों को10 लाख रुपए मुआवजा दो, पुलिस जुल्म- अत्याचार के खिलाफ संघर्ष तेज करो,पुलिस की अत्याचार नहीं सहेंगे, आदिवासियों पर अत्याचार करना बंद करो, पुलिस की हर जोर-जुल्म के टक्कर में संघर्ष हमारा नारा है,आदि नारा लगाते हुए तीन किलोमीटर तक मार्च की गई.

## 6 घंटे बंद रही डायलिसिस सेवा, मरीजों ने की सड़क जाम



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** राज्य सरकार और निजी एजेंसी ईसके संजीवनी के बीच एमओयू के बाद राज्य के 16 जिलों में किडनी मरीजों के लिए निःशुल्क डायलिसिस सेवा शुरू की गई थी. लेकिन राशि का भुगतान नहीं होने से गिरिडीह जिले में पिछले दो माह में तीन बार यह सेवा बाधित हुई है. शहर के डायलिसिस केंद्र में गुरुवार को ताला लटका मिला. बताया गया कि केंद्र में कार्यरत दो टेक्निशियन काम छोड़ दिए हैं.केंद्र में ताला लगा देख मरीजों और उनके परिजनों ने जमकर हंगामा किया और सामने की सड़क जाम कर दी.उल्लेखनीय है कि इस केंद्र बीपीएल परिवार, लाल कार्ड धारी व आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा दी जाती है. बताया गया कि केंद्र का संचालन कर रही कंपनी का गिरिडीह सदर अस्पताल स्थित डायलिसिस केंद्र पर 35 लाख रुपए बकाया है. कंपनी के स्टेट एडमिनिस्ट्रेटर अभिमन्यु मिश्र ने दूरभाष पर बताया कि राज्य सरकार पर बड़ी रकम बकाया हो जाने के कारण कंपनी ने मरीजों का निःशुल्क डायलिसिस करने से हाथ खड़े कर दिए हैं. बताया कि डायलिसिस में उपयोग की जाने वाली सामग्री की खरीदी प्राइवेट एजेंसी से की जाती है. बगैर इन सामानों के निःशुल्क डायलिसिस नामुमकिन है.

## बीसीसीएल सीएमडी ने प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** बीसीसीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान कर्मियों व उनके परिवार के बीच हुई प्रतियोगिताओं के विजेताओं को गुरुवार को पुरस्कृत किया गया. विजेताओं में बीसीसीएल कर्मियों के अलावा उनके पत्नी व बच्चे शामिल हैं. सीएमडी समीरन दत्ता समेत अन्य अधिकारियों ने उन्हें पुरस्कृत किया. सतर्कता जागरूकता सप्ताह 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चला. जिसका समापन 15 नवंबर को जारी किया गया था. इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह की थीम ह्लभ्रष्टाचार का विरोध करें तथा राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे थी. मौके पर सीएमडी के अलावा, मुख्य सतर्कता अधिकारी अमन राज, निदेशक तकनीकी (उत्पादन) उदय अनंत कावले, निदेशक (कार्मिक) मुरली कृष्ण रमैया, महाप्रबंधक (सतर्कता) सत्येंद्र कुमार आदि मौजूद थे.

गौरव का विषय | महाराजा अग्रसेन भवन में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित

## परिणय सूत्र में बंध एक दूजे की हुई दो जोड़ियां



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** महाराजा अग्रसेन भवन के सभागार में अग्रवाल सभा रांची द्वारा आयोजित 29 वां सामूहिक विवाह समारोह में दो जोडे.सात जन्मों के रिश्तें में बंध गये।कार्यक्रम तेल बान रस्मों से शुरू हुआ। दोपहर को चाक भात, 3 बजे कोरथ, 4 बजे वर यात्रा, 5 बजे वर माला हुआ। फेरो और वैदिक मंत्रोचार के बीच सामूहिक विवाह सम्पन हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी ओमप्रकाश केजरीवाल ने सभी नव दंपतियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि अग्रवाल सभा 29 वर्षों से इस आयोजन को भव्य रूप से करते आ रही है यह एक गौरव का विषय है। इसे हर समाज को अपनाना चाहिए। समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने के लिए यह एक अच्छी पहल है एक पिता के लिए इससे बढ़कर और कोई खुशी नहीं कि बेटी के हाथ पीले हो गए। इसके उपरांत सभी नवविवाहित जोड़ो को विवाह प्रमाण-पत्र दिया। मुख्य संयोजक भागचन्द पोद्दार ने सभी नव दंपति को फेरो के पश्चात आशीर्वाद देकर विदा किया। अग्रवाल सभा अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया व मंत्री मनोज कुमार चौधरी ने कहा कि 1994 से अबतक 329 जोड़ो का सामूहिक विवाह कराया गया तथा सैकड़ो संबंध बाद में भी तय हुए यह एक पुनित अनुष्ठान है। उन्होंने कहा कि विवाह की संपूर्ण जिम्मेदारी खर्च एवं व्यवस्था अग्रवाल सभा वहन करती है इसी दिन माता तुलसी और भगवान शालीग्राम का विवाह के मुख्य यजमान अग्रवाल सभा के वरीय उपाध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल के द्वारा सपत्नीक संपन्न कराया गया। दो सुसज्जित गाड़ियों मे सवार होकर बैंड बाजों के साथ बारात लक्ष्मी नारायण मंदिर का दर्शन करते हुए पुनः महाराजा अग्रसेन भवन पहुंची। रास्ते में बारात का स्वागत श्री श्याम मंडल, श्री हनुमान मंडल,मारवाड़ी सहायक समिति ने किया। अग्रसेन भवन के सभागार को आकर्षक फूलों से सजाया गया। तथा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वर-वधुओं ने एक दूसरों को माला पहनाया। पूरा सभागार महाराजा अग्रसेन की जयघोष से गूंज उठा। परिणय सूत्र में बंधनेवालों जोड़ो में श्री शुभम कुमार अग्रवाल (लोहरदगा) संग सुश्री रितु कशोधन, (गोरखपुर) श्री सुमित राज अग्रवाल (लोहरदगा) संग सुश्री मंजू कुमारी (रांची) मांगलिक कार्य मुख्य आचार्य पंडित श्याम सुन्दर भारद्वाज एवं सहयोगियों ने मंत्रोचार कर परिणय वेदी पर विधिवत पूजन कर विवाह संस्कार सम्पन्न कराया।

## धनबाद : स्कूली बच्चों को थ्री डी तकनीक से पढ़ाया गणित-विज्ञान



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** आईआईटी-आईएसएम की ओर से टुंडी ब्लॉक के उत्क्रमित मध्य विद्यालय रूपन में स्कूली बच्चों और शिक्षकों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में आईआईटी के विशेषज्ञों ने उन्हें विज्ञान और गणित की जटिल गणनाओं और विश्लेषकों को थ्री-डी तकनीक के माध्यम से आसानी से समझाया गया. इस दौरान परियोजना की प्रधान अन्वेषक प्रो रश्मि सिंह ने अपनी टीम के सदस्यों के साथ बहुभुज, सप्तभुज, पिरामिड, समलंब, समचतुर्भुज, दीर्घ वृत्त, गोला, शंकु, समांतर चतुर्भुज जैसी ज्यामितीय आकृतियों को थ्री डी की मदद से आसानी से समझाया. टीम में शामिल प्रबंधन अध्ययन विभाग के एसोसिएट प्रो नीलाद्री दास, कल्याणी कुमारी, प्रोजेक्ट स्टाफ दीपेंद्र और मो शाहनवाज ने भी विद्यार्थियों को अन्वेषण, प्रयोग और नवाचार के लिए प्रोत्साहित किया. स्कूल के प्राचार्य गोपाल चंद्र महतो ने आईआईटी के इस प्रयास की प्रशंसा की. कार्यशाला में स्कूल के 52 विद्यार्थियों के अलावा शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारी शामिल हुए. यह आयोजन आईआईटी आईएसएम के प्रबंधन अध्ययन और औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग की टीम ने किया था. कार्यशाला का विषय ह्लअभिनव संचार तकनीक के माध्यम से विज्ञान और प्रौद्योगिकी की प्रासंगिकता के संबंध में स्कूली छात्रों और शिक्षकों को प्रेरित करनाह्व था. इस विषय को लेकर आईआईटी की ओर से ग्रामीण इलाकों के सरकारी स्कूलों में लगातार कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं.

## चंद्रवंशी विकास मंच ने मनायी जरासंध जयंती

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय स्थित महावीर मुहल्ला में चन्द्रवंशी विकास मंच ने जरासंध जयंती समारोह का आयोजन किया. इस मौके पर उपस्थित अतिथियों ने मगध सम्राट जरासंध महाराज की आरती की गयी. इसके बाद सभी लोगों ने बारी-बारी से पुष्प अर्पित किया. वहीं अधिवक्ता प्रकाश राम, नितेश चन्द्रवंशी, प्रोफेसर उमेश राम, योगेंद्र राम, प्रवीण चंद्रा, महेश भारती, बीरेंद्र राम, देवेन्द्र भारती, महेश चन्द्रवंशी, चन्द्रवंशी विकास मंच के अध्यक्ष दीपक कुमार नवीन ने समाज के विकास के कई बिंदुओं पर प्रकाश डाला. मौके पर शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया. सीएनटी एक्ट से कैसे निजात मिले जिसके लिए एकजुटता बनाकर संघर्ष करने पर भी विशेष चर्चा की गई. इस मौके पर सुरेंद्र प्रसाद, महेश राम, रामेश्वर रवानी, वीरेंद्र राम, जय प्रकाश राम, उमेश राम, सुरेंद्र भारती, ओमप्रकाश राम, पवन चन्द्रवंशी, योगेंद्र राम, महेश भारती, प्रवीण चंद्रा, मनोज कुमार, अनिल राम,अरुण राम,दीपक कुमार, दिवाकर राम,मनोज कुमार, रवि राम आदि उपस्थित थे.

## गौरव जनजाति दिवस : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ने निकाली शोभायात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा के द्वारा निकाला गया भव्य शोभायात्रा वनवासी कल्याण केंद्र झारखंड की संबद्ध शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति, झारखंड द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा, सिमडेगा में धूमधाम से जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया विद्यालय द्वारा भगवान बिरसा मुंडा तथा उनके अनुयायियों की झांकी सजाकर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा सलडेगा स्थित विद्यालय से निकलकर प्रिंस चौक, झूलन सिंह चौक तथा






महावीर चौक होते हुए नीचे बाजार पेट्रोल पंप तक गई तथा फिर वापस विद्यालय पहुंचकर शोभायात्रा समाप्त हुई । इस शोभायात्रा में कक्षा चतुर्थ से दशम तक के छात्र छात्रा सम्मिलित थे । शोभा यात्रा के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र पाठक, जिला निरीक्षक दीनबंधु सिंह, तथा विद्यालय तदर्थ समिति के सदस्य श हरिश्चंद्र भगत, मुरारी प्रसाद द्वारा नगर भवन स्थित भगवान बिरसा मुंडा के मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर देवेंद्र स्टोर , मारवाड़ी युवा मंच तथा नवयुवक संघ नीचे बाजार द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर शोभा यात्रा का स्वागत माला तथा अंग वस्त्र देकर किया गया तथा छात्रों के बीच जल , टॉफी बिस्किट आदि का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री हरि वनवासी विकास समिति झारखंड के जिला निरीक्षक दीनबंधु सिंह जी विद्यालय के संयोजक संजीत कुमार, विद्यालय समिति से हरिश्चंद्र भगत, मुरारी प्रसाद, हनुमान बोंदिया तथा प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार पाठक आचार्य मनोज प्रसाद, आशीष बड़ाईक, मनोज कुमार , निरंजन कुमार, आचार्य सुषमा प्रधान मीरा कच्छप, आशा मुंडा, शारदा मिश्रा चंपा मांझी, सीता देवी, सोनिया कुमारी, सुलोचना कुमारी, सरिता कुमारी, पूजा अनुरागिनी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम वृहद रूप से प्रभावी तथा समाज को संदेश देने वाला रहा।

## एक नजर

### श्री सत्य साईं के जन्म दिन पर सदर अस्पताल में लगा रक्तदान शिविर

**सिमडेगा।** श्री सत्य साईं के 98 जन्मदिन के मौके पर सदर अस्पताल सिमडेगा में सत्य साई सेवा समिति सिमडेगा द्वारा गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया । रक्तदान शिविर में समिति के सदस्यों के द्वारा बारी-बारी से रक्तदान किया गया।जानकारी देते हुए लालदेव बड़ाईक की ने बताया कि प्रत्येक वर्ष सत्य साईं के जन्मदिन के मौके पर कई कार्यक्रम होते हैं ।इधर साई मंदिर कोचेडेगा में भजन कीर्तन एवं भंडारे का आयोजन किया गया है वहीं दूसरी ओर रक्त की कमी को ध्यान में रखते हुए सदर अस्पताल सिमडेगा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है जहां पर लोग भाग लिया।मौके पर समिति के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

### विधायक ने मजदूर नेता के आवास पहुंच जाना हालचाल

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा देर शाम मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह के आवास पहुंच उनका हालचाल लिया। राजेश सिंह सड़क दुर्घटना में घायल हो गए हैं और फिलहाल ही अस्पताल से इलाज कराकर वापस लौटे हैं। विधायक ने मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष के जल्द स्वास्थ्य लाभ की ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही आगे भी हर सम्भव मदद करने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि वे उनके साथ है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का भी मौजूद थे।

### फंदे से लटका मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना की पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र के जोक बाहर के पास पेड़ में झूलता हुआ 35 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद किया है व्यक्ति की पहचान आसेन डांग के रूप में हुई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया। घटना के संबंध में मृतक के पिता ने जानकारी देते हुए बताया कि उसका बेटा पिछले शुक्रवार से घर से लापता था ,परिवार वाले काफी रिश्तेदारों के बीच एवं अन्य स्थानों में खोजबीन किया, लेकिन पता नहीं चल पाया। इधर बुधवार को स्थानीय लोगों द्वारा पेड़ में झूलता हुआ शव होने की सूचना दी जब जाकर देखा तब उसका पुत्र था ।इधर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाते हुए परिजनों को सौंप दिया। वहीं मृतक के पिता ने कयास लगाया है की हत्या कर उसके शव को टांग दिया गया।

## प्रोफेट बजिंदर सिंह की प्रार्थना सभा में उमड़ी लोगों की भीड़

### शहर में ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त, अफरा तफरी का माहौल

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा में मसीह समुदाय के प्रचारक प्रोफेट बजिंदर सिंह की प्रार्थना सभा के लिए सिमडेगा नैगम टोली में हुए विशाल जनसभा को देखने के लिए सिमडेगा में लाखों की संख्या में लोगों का जनसंख्या उमड़ा। इधर प्रशासन की कयास के बावजूद एवं लोगों के सोच के विपरीत लाखों की संख्या में लोगों की जन सैलाब उमडने से सिमडेगा में विधि व्यवस्था एवं ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई । सड़क पूरी तरह से जाम हो गई लोगों को आवागमन में काफी और सुविधा हुई और लोग काफी परेशान हुए, हालांकि बाद में प्रशासन द्वारा विधि व्यवस्था को संभालते हुए चौक चौराहों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करते हुए जाम को लोगों को निजात दिलाया ।लेकिन सिमडेगा शहर के विभिन्न चौक चौराहा, गली मोहल्ला सभी जगह पर वाहनों से पूरा शहर भर गया। होटल में खाने पीने की चीजों की घोर कमी होने लगी और इसके अलावा आयोजन स्थल पर लाखों की





संख्या में लोगों के भीड़ उमड़ी और जहां पर लोग उनके प्रार्थना सभा को सुनने के लिए पहुंचे हैं। बताया गया कि इनको सुनने के लिए झारखंड बंगाल उड़ीसा छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश सहित राज्य के कई अलग-अलग जगह से लोगों की भीड़ उमड़ी बड़े तादाद पर लोगों के आवागमन की वजह से शहर में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा यदि विधायक व्यवस्था में सिमडेगा अंचल अधिकारी ,थाना प्रभारी, ट्रैफिक पुलिस सहित कई प्रशासनिक अधिकारी एवं सैकड़ों की संख्या में पुलिस बल लगातार विधि व्यवस्था को बनाते हुए नजर आए।

### डीआरडीए डायरेक्टर ने दी अबुआ आवास योजना की जानकारी

**सिमडेगा।** सिमडेगा डीआरडीए कार्यालय सभागार में डीआरडीए डायरेक्टर रवि किशन राम के द्वारा झारखंड सरकार द्वारा शुरू किए गए अबुआ आवास योजना से संबंधित गुरुवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता आयोजन करते हुए उन्होंने आवास से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने कहा झारखंड अबुआ आवास योजना को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा लांच किया गया है। इस योजना के तहत राज्य सरकार गरीब और बेघर लोगों को तीन कमरों का पक्का मकान उपलब्ध करा रही है। ऐसे कई नागरिक हैं जिन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया है तथा जिनके पास आवास की कोई व्यवस्था नहीं है। इस योजना के अंतर्गत, झारखंड सरकार द्वारा जरूरतमंद और गरीब परिवारों को योजना का लाभ दिया जा सके। इसके लिए, सभी आय वर्ग के लोगों को समान अवसर दिया जा रहा है। इसका मतलब है कि कोई भी भेदभाव नहीं किया जाएगा और सभी लोगों को बिना किसी आय की सीमा के पक्का मकान प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चार किस्तों में लाभुकों को इसकी राशि दी जाएगी और 3 महीना के अंदर आवास निर्माण कार्य पूरा करना होगा सरकार का लक्ष्य है किस अधिक से अधिक लोगों के बीच लाभ दिया जाए।

## बीओआई ने किया स्थायी लोक अदालत का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** एरिया मैनेजर विमल कांत झा के नेतृत्व में बैंक ऑफ इंडिया बासोडीह और सतगावां शाखा ने स्थाई लोक अदालत का आयोजन किया. इस दौरान कर्जदारों के साथ समझौता किया गया. 350 कर्जदारों का खाता एनपीए हो गया था. ऐसे खाता धारकों पर 1 करोड़ 50 लाख रूपया बकाया था, जिसमें 46 लाख 96 हजार रुपये की वसूली की गई. लोक अदालत में मुख्य अथिति के रूप बैंक ऑफ इंडिया हजारीबाग जोन उप आंचलिक प्रबंधक भूपेंद्र नारायण, पीएलए के चेयरमैन रतन किशोर तिवारी, पीएलए के सदस्य बालेश्वर राम उपास्थित थे. इसके अलावा एरिया मैनेजर विमल कांत झा, अग्रणी जिला प्रबंधक निवास कुमार, क्षेत्रीय कार्यालय कोडरमा के वसूली अधिकारी आनंद कुमार, बासोडीह शाखा के प्रबंधक अलोक रंजन, बसोडीह शाखा के अधिकारी इरफान, सतगावां शाखा के प्रबंधक गौरव कुमार,अधिकारी अखिलेश आदि अधिकारी भी मौजूद रहे. लोक अदालत में एनपीए खाता धारकों को विशेष रियायत देकर समझौता किया गया. यह लोक अदालत मुख्य रूप से उन खाता धारकों के लिए था. जो अपने ऋण को जमा करने मे पूर्ण रूप से असमर्थ हो चुके थे. उन्हें बैंक द्वारा आकर्षक योजनाओं एवं वरीय अधिकारियों के सहयोग से पूर्ण रूप से ऋण मुक्त होने का अवसर दिया गया. मौके पर केसीसी ऋण, मुद्रा ऋण, व्यक्तिगत ऋण, वाहन ऋण इत्यादि एनपीए खातों को समझौता के तहत बंद किया गया. लोक अदालत में जो खाता धारक एक मुश्त पैसा जमा कर दिया उन्हें जज ने नो ड्यूज सर्टिफिकेट एनओसी भी दिया.

## हजारीबागः विभावि में देशभर के 320 खिलाड़ी शतरंज में आजमा रहे हाथ



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के परीक्षा भवन सभागार में गुरुवार को हजारीबाग जिला शतरंज संघ द्वारा अखिल भारतीय स्तर का पांच दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है. सेकेंड एचडीसीए ऑल इंडिया फाइड रेटिंग ओपेन टूनामेंट-2023 के दूसरे दिन गुरुवार को तीसरे राउंड तक का खेल हुआ. तीसरे राउंड के रिजल्ट में तमिलनाडु के खिलाड़ी प्रदीप कुमार 2195 पॉइंट रेटिंग के साथ सबसे उपर रहे. खेल में सर्वश्रेष्ठ पांच टेबल में प्रथम टेबल में तमिलनाडु के प्रदीप कुमार ने बिहार के मनीष यादव को हराया. दूसरे टेबल में बिहार के सिन्हा सुधीर कुमार ने झारखंड के प्रभुनाथ साह को हराया. तीसरे टेबल में प. बंगाल के प्रदीप घोष ने बंगाल के ही रुद्रशीष घोष को हराया. चौथे टेबल में बिहार के कुमार गौरव ने झारखंड के सिंह अंकित कुमार को हराया. वहीं पांचवें टेबल में प. बंगाल के चटर्जी के के ने झारखंड के अंश कुमार को परास्त किया. टूनामेंट में कुल 14 राज्यों के विभिन्न हिस्से से करीब 320 खिलाड़ियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है. इसमें 6 साल के बच्चे से 75 साल के वृद्ध खिलाड़ी शामिल हैं. कुल 160 टेबल में 320 खिलाड़ी शतरंज की चाल चल रहें हैं. आगे तीन दिनों तक यह प्रतियोगिता चलेगी.

### श्री रामरेखा धाम में चार दिवसीय कार्तिक पूर्णिमा मेला कल से

**सिमडेगा।** श्री रामरेखा धाम में चार दिवसीय कार्तिक पूर्णिमा मेला 25 नवंबर से शुरू होगा। मौके पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहाड़ की तलहटी पर उमड़ेंगे। साथ ही पवित्र गुफा में पूजा अर्चना कर सुख, शांति की कामना करेंगे। समिति के पदधारियों ने बताया कि 25 नवंबर को शाम छह बजे से सत्संग प्रवचन, रात नौ बजे से धार्मिक चलचित्र का प्रदर्शन किया जाएगा। 26 नवंबर को संध्या छह बजे से संत महात्माओं का सत्संग प्रवचन, रात्रि आठ बजे अधिवास पूजन होगा। 27 को प्रातः आठ बजे से नाम प्रारंभ हरिकीर्तन एवं रात्रि में संत महात्माओं का सत्संग प्रवचन होगा। 28 नवंबर को प्रातः आठ बजे नाम समाप्ति, हवन पूजन, विसर्जन, भंडारा महाप्रसाद का वितरण के साथ मेला का समापन होगा।

## अपराधियों ने सड़क निर्माण में लगे पोकलेन मशीन को फूंका

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** बुधवार रात्रि को कोलेबिरा- बानो मुख्य पथ पर बोंगराम पेट्रोल पंप के समीप सड़क निर्माण कार्य में लगे पोकलेन को अज्ञात अपराधियों ने आग के हवाले कर दिया, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। बताते चलें कि लगातार जिले में इस तरह की घटना होती आ रही है, महीनों पूर्व में कोलेबिरा पावर हाउस ग्रिड के समीप भी एक जेसीबी और ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया गया था ।दूसरी घटना ओड़गा में पोकलेन, तीसरी घटना कोलेबिरा अघरमा के डुमरडीह में पोकलेन, वहीं चौथी घटना बानो के कनारोवां में पोकलेन को अपराधियों ने आग के हवाले किया था। वहीं बुधवार बीती रात्रि को कोलेबिरा बोंगराम नायक पेट्रोल पंप के समीप अपराधियों ने पोकलेन को आग के हवाले कर दिया। अपराधियों के द्वारा इस तरह की घटना को अंजाम दे कर क्षेत्र में भय का माहौल पैदा करना चाहते है। वहीं जैसे ही आधी रात को पोकलेन में




आग लगने की सूचना थाना प्रभारी अंशु कुमार झा को मिली। वे तुरंत दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर आग लगी पोकलेन में आग पर काबू पाया,इसके बाद मामले की छान बीन में जुट गए। वही घटना की जानकारी वरीय पुलिस पदाधिकारी को मिलने के बाद सभी घटना स्थल पहुँचे। वहीं मामले की छानबीन हेतु घटनास्थल पर सिमडेगा एसपी सौरव कुमार पहुंचे और उन्होंने जानकारी दिया की कोलेबिरा थाना अंतर्गत रोड कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है जिसमें पोकलेन का इस्तेमाल किया जा रहा था। जिसमें बीती रात करीब 3:00 बजे के आसपास एक पोकलेन को आग के हवाले किया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है, पास में पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी चेक किया जा रहा है। अभियुक्त की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है यहां पर एक पर्चा भी मिला है जिसमें पीएलएफआई ने इस घटना की जिम्मेवारी ली है। वहीं एसपी सिमडेगा ने कहा कि जैसे कि सीसीटीवी फुटेज में हमने देखा की एक आदमी आया है जो पोकलेन मे चढ़ के पोकलेन को आग के हवाले किया है।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आगमन की तैयारियों में जुटा प्रशासन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सिमडेगा जिले में ₹सरकार आपके द्वार कार्यक्रम₹ के तहत विशेष शिविर में प्रस्तावित आगमन के मद्देनजर उपायुक्त सिमडेगाअजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने कोलेबिरा स्टेडियम एवं जोवाहर नवोदय विद्यालय, सिमडेगा का निरीक्षण किया। कोलेबिरा स्टेडियम, सभा स्थल पर पहुंच, कार्यक्रम से संबंधित विधि व्यवस्था तथा तैयारियों से संबंधित किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर निर्देश दिया एवम सभी कार्य को ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में हेलीपैड निर्माण हेतु स्थल निर्धारण के लिए परिसर का



निरीक्षण किया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित पदाधिकारीयो को आवश्यक महत्त्वपूर्ण निर्देश दिए।मौके पर अपर समाहर्ता अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी महेन्द्र छोटन उरॉव, जिला नजारत उप समाहर्ता, राजेंद्र प्रसाद सिंह, एस.डी.पी.ओ.डेविड ए डोडराय सहित अन्य विभाग के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## आस्था

### बाबा श्याम के जन्मोत्सव पर निकाली गई निशान यात्रा

## खाटू श्याम के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरीतिलैया।** कलयुग के देवता बाबा श्याम के जन्मोत्सव को लेकर गुरुवार को श्री श्याम महिला निशान मंडल के तत्वाधान में निशान यात्रा निकाली गई। इस दौरान हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा के गगन भेदी नारों से शहर गूंजयमान होता रहा। यात्रा के दौरान बाबा आएं है तिलैया छोड़ खाटू नगरिया, तू कृपा कर बाबा, मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जाएंगे, श्याम आएंगेङ्क, सजने का शौकीन जब सांवरा सजता है तो सारी दुनियां सजती है, हारा हूं बाबा पर तुझ पर भरोसा है, जीतूंगा एक दिन मेरा दिल यह कहता हैङ्क जैसे भजनों पर श्रद्धालु भक्त झूमते चल रहे थे। सुसज्जित वाहन में सबसे आगे भगवान गणेश की प्रतिमा,दूसरे सुसज्जित रथ में बाबा श्याम की तस्वीर सजी थी। झंडा चौक स्थित दुर्गा मंदिर से 51 फीट लंबी निशान यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा स्टेशन रोड, काली मंदिर होते हुए पुनः झंडा चौक ओवरब्रिज का भ्रमण करते हुए पानी टंकी रोड स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंची। जहां श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम को निशान अर्पित किया। इसके बाद पं विजयकांत उपाध्याय ने भव्य आरती की। इधर दुर्गा मंदिर में पूजा- अर्चना पं जीवकांत झा ने कराई। बतौर यजमान पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता,आनंद कुमार शामिल हुए। पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि खाटू श्याम बाबा के



स्मरण मात्र से ही भक्तों का कल्याण होता है। धर्म, कर्म और अर्थ की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि महाभारत के वीर भीम के पौत्र बरबरीक थे। उन्हें भगवान शिव से तीन वर प्राप्त थे। भगवान ने उन्हें वरदान दिया था कि तुम्हारे बाण के सम्मुख जो भी योद्धा होगा, वह जीवित नहीं बचेगा।

# आर्यिका विभाश्री माताजी का ससंघ शहर में मंगल प्रवेश

## भक्तों ने गाजे-बाजे के साथ किया स्वागत



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ की पावन धरती में स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में 23 नवंबर को गणिनी आर्यिका 105 विभा श्री माताजी एवम संघ का भव्य मंगल प्रवेश हुआ। गणिनी आर्यिका 105 विभा श्री माताजी एवम ससंघ रांची से पैदल चलकर रामगढ़ में गुरुवार को मंगल प्रवेश किये। उनके आगमन पर समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन के नेतृत्व में समाज के सदस्यों ने प्रखंड कार्यालय के निकट माता जी का उत्साह के साथ स्वागत एवम अभिनंदन किया। वहां से गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण करते हुए माती जी व ससंघ का श्री दिगंबर जैन मंदिर में आगमन हआ। जहां समाज की महिलाओं द्वारा माताजी का प्रचलन किया गया। श्री दिगंबर जैन मंदिर में गणिनी आर्यिका 105 विभा श्री माताजी ने कहा वर्तमान समय में प्रत्येक व्यक्ति इतना महत्वकांक्षी हो गया है कि वह उन्हें पूरा नहीं कर पाता ।जिससे जीवन में निराशा का भाव बनता है। जिससे व्यक्ति कोई अप्रिय निर्णय तक ले लेता है। उन्होंने बताया कि जीवन में भाग्य और पुरूषार्थ दोनों को देखकर कार्य करना चाहिए । कहा की कार्य की सफलता के लिए पुरूषार्थ और भाग्य दोनों जरूरी है। माता जी कहा कि जैसे किसी कोई बच्चा पढ़-लिखकर कलेक्टर बनना चाहता है तो इसके लिए उसे पढे-लिखने के लिए परिश्रम करना पड़ेगा बुद्धि भी तीक्ष्ण होनी चाहिए। यह सब करने के बाद भी भाग्य में होगा तो वह कलेक्टर बन पायेगा। बताया कि व्यक्ति लौकिक जीवन की बड़ी-बड़ी पढ़ाइयों को पढकर व्यापार करने का प्रबंधन तो सीख लेता है लेकिन वह अपने जीवन का मैनेजमेंट करना नहीं सीख पाता और एक दिन अपने जीवन को समाप्त करने का विचार बना लेता है। जीवन में थोड़ा कष्ट आने पर अपने आपको कमजोर समझने लगता है। माता जी ने कहा कि महापुरूषों के जीवन को पढ़ना चाहिए। भगवान श्रीराम एवं देवी सीता व पांडवों ने अपने जीवन में कितने कष्टों को सहा लेकिन उन्होंने कभी हार नही मानी। कहा की इससे लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए। मौके पर समाज अध्यक्ष माणिक चंद जैन, जंबू पाटनी, अरविंद सेठी, देवेंद्र गंगवाल, राजू सेठी, सुशील चूड़ीवाल, सुनील पाटनी, बबलू सेठी, निशांत सेठी, विनोद जैन, प्रदीप पाटनी, रमेश सेठी, विनोद पहाड़िया, विमल सेठी, शांतिलाल जी सेठी, ललीत चूड़ीवाल, जीवन पाटनी, पदम चंद छाबड़ा, नितिन पाटनी, राजू पाटनी, अशोक सेठी, महावीर प्रसाद गंगवाल,योगेश जैन, अशोक चूड़ीवाल, अंकित जैन, दीपक बड़जात्या, सौरव अजमेरा, अमित काला, रमेश सेठी, ललीत गंगवाल, राहुल जैन, खुशबू चूड़ीवाल, अरूणा जैन, मीना पाटनी, सरला सेठी, श्रीकांता गंगवाल, गिन्या सेठी, सुनिता चूड़ीवाल, ऊषा पाटनी, शारदा अजमेरा, रेणु चूड़ीवाल, ऊषा सेठी, अनिता चूड़ीवाल, बिना बगरा, ममता बागरा ,प्रेम काला, प्रिया पाटनी, रेखा पाटनी, पुष्पा सेठी आदि कई लोग मौजूद थे।

## आदिवासी समुदाय के उत्थान के लिए सांसद का जताया आभार

**हजारीबाग।** हजारीबाग स्थित भाजपा कार्यालय अटल भवन के सभागार में भाजपा हजारीबाग जिला अध्यक्ष अशोक यादव सहित भाजपा आदिवासी मोर्चा के नेताओं ने संयुक्त प्रेसवार्ता की जिसमें सांसद जयंत सिन्हा का आभार व्यक्त किया गया. 20 नवंबर को सांसद जयंत सिन्हा ने रांची स्थित राजभवन में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की थी. उन्होंने राज्यपाल को हजारीबाग वासियों की ओर से सेंटर फॉर ट्राइबल स्टडीज के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया है. प्रेसवार्ता में कहा गया कि हजारीबाग लोकसभा में आदिवासियों को मोदी सरकार अनेक लाभ पहुंचा रही है. सांसद जयंत सिन्हा का प्रयास इसमें अहम भूमिका निभा रहा है. उन्हीं के प्रयासों से विनोबा भावे विश्वविद्यालय में 8 करोड़ से सेंटर फॉर ट्राइबल स्टडीज का निर्माण हो रहा है.

### एक नजर

## एसडीओ ने की मतदाता पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा बैठक

**बरही।** प्रखंड सभागार में अनुमंडल मतदान पदाधिकारी सह एसडीओ पूनम कुजूर ने सभी बीएलओ और सुपरवाइजर के साथ संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्य का समीक्षात्मक बैठक किया. इस दौरान उन्होंने सभी लोगों से बुथवार जानकारी लिया. साथ ही कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया. उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि मतदान के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. बीएलओ और सुपरवाइजर घर-घर जाकर मतदाताओं की जानकारी लें. साथ ही नए मतदाताओं को जोड़ने, मृत और स्थानांतरित मतदाताओं का मतदाता सूची से नाम हटाने का काम करें.

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आज से

**हजारीबाग।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 24 नवंबर से प्रारंभ हो रहा है। प्रशासन की ओर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इस दौरान पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर कल्याणकारी योजनाओं के आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया योजनाबद्ध तरीके से किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत स्तरीय शिविर को लेकर व्यापक प्रचार प्रसार कराई जा रही है जिससे अधिकाधिक संख्या में लोग पंचायत स्तरीय शिविरों में पहुंचे सके।

## हजारीबाग में जरासंध की जयंती मनाई गई

**हजारीबाग।** गुरुवार को अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा हजारीबाग जिला शाखा के द्वारा भारत की प्रथम चक्रवर्ती सम्राट महाराज जरासंध की जयंती जैन भवन बड़ा बाजार में धूमधाम से मनाई गई। इसमें मुख्य रूप से केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार अन्नपूर्णा देवी मुख्य रूप से शामिल हुईं। सबसे पहले महाराज जरासंध के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अजीत चंद्रवंशी ने की। इस मौके पर महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री सुदेश कुमार चंद्रवंशी ने मुख्य अतिथि अन्नपूर्णा देवी को बुके देकर स्वागत किया ।

### रामगढ़ में जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन, डीसी बोले

## शिक्षा के स्तर को सुधारने में दें अपना योगदान



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा गुरुवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल में जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो सहित अन्य अतिथियों का पौधा देकर स्वागत किया गया जिसके उपरांत सभी ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से सम्मेलन का शुभारंभ किया। सम्मेलन के दौरान उपायुक्त ने झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा आयोजित मुखिया सम्मेलन में सभी जनप्रतिनिधियों को ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर में सुधार हेतु जनप्रतिनिधियों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहां की शिक्षा शेरनी का दूध है, जो भी इसे पिएगा वह दहाड़ेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा एकमात्र ऐसा रास्ता है जो की किसी भी ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे के भविष्य को पूरी तरह से बदल सकता है। मौके पर उन्होंने स्वयं का उदाहरण देते हुए किसी भी बच्चों के जीवन में सही शिक्षा के महत्व पर सभी का ध्यान आकृष्ट किया। सम्मेलन के दौरान उपायुक्त ने सभी जनप्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्र में स्थित विद्यालयों का नियमित निरीक्षण, नियम अनुसार संचालन, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ बैठक, बच्चों का नियमित रूप से विद्यालय जाना आदि सुनिश्चित करने को लेकर कई आवश्यक जानकारियां दी। वहीं उन्होंने जनप्रतिनिधियों को किसी भी प्रकार की समस्या आने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अथवा सीधा उपायुक्त के कार्यालय में आने की अपील की। सम्मेलन के दौरान उपायुक्त ने 24 नवंबर से शुरू हो रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी जनप्रतिनिधियों को अपना योगदान देने की अपील की उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में आयोजित शिविर में जरूर उपस्थित हो और कोई भी योग्य लाभुक सरकार की योजना के लाभ से वंचित न रहे यह सुनिश्चित करें। साथ ही उपायुक्त ने शिविर के दौरान प्राप्त होने वाले आवेदनों के निष्पादन पर भी जनप्रतिनिधियों को अपनी नजर रखने की अपील की। मुखिया सम्मेलन के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी ने सभी जनप्रतिनिधियों से झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा आयोजित मुखिया सम्मेलन के दौरान शिक्षा के स्तर में सुधार हेतु बताई गई बातों को अपने क्षेत्र में आम जनों तक पहुंचाने एवं प्रत्येक बच्चे का नियमित रूप से विद्यालय जाना सुनिश्चित करने में अपना योगदान देने की अपील की।

## अतिक्रमण हटाने के लिए सीओ ने माइकिंग कर दिया अल्टीमेटम

**बरही ।** बरही चौक क्षेत्र, धनबाद रोड, सर्विस रोड आदि को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर प्रशासन एक बार फिर से गंभीर दिख रखा है. गुरुवार को सीओ रामनारायण खलखो बरही चौक में स्वयं माइकिंग कर लोगों से अतिक्रमित स्थल हटाने की अपील कर रहे थे. उन्होंने बताया कि अतिक्रमण के कारण प्रतिदिन जाम की स्थिति बनी रहती है. वाहनों के साथ पैदल आना जाना भी दुभर हो जाता है.जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है. उन्होंने सभी ठेलेवाले, सब्जी वालो से सड़क किनारे दुकान नही लगाने का निर्देश दिया है. साथ ही वाहन चालकों से भी सड़क पर वाहन खड़ा करने से मना किया है. ऐसा करनेवालो के खिलाफ दंडात्मक कारवाई की बात कही है. सीओ ने बताया कि ठेले वाले, सब्जी वाले अथवा वाहन चालक अपने वाहन बस स्टैंड क्षेत्र या प्लस टू उच्च विद्यालय के समीप निर्मित बाजार शेड के खाली पड़े क्षेत्र में लगाए.

### एक नजर

## बरकट्ठा के बेलकप्पी में चंद्रवंशी समाज ने मनाई जरासंध महाराज की जयंती



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बेलकप्पी पंचायत अंतर्गत चंद्रवंशी टोला में भारतवर्ष के प्रथम चक्रवर्ती सम्राट मगध नरेश जरासन्ध महाराज की जयंती के शुभ अवसर पर उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित करने के लिए भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव शामिल हुए तथा मंत्रोचारण के साथ भूमि पूजन किया ।तत्पश्चात उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस दौरान उन्होंने जरासंध महाराज की जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर जितेंद्र चंद्रवंशी, मनोज चंद्रवंशी, महेश चंद्रवंशी, प्रदीप चंद्रवंशी, राजू चंद्रवंशी, डेगलाल चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी, सोहन चंद्रवंशी, छोटी चंद्रवंशी, सुबोध चंद्रवंशी, विशाल चंद्रवंशी, सागर पासवान, आकाश पासवान, सुधाकांत पांडेय, रंजीत पांडेय, मिथुन चंद्रवंशी, सुनील चंद्रवंशी, अर्जुन राम, शीला देवी, देवंती देवी, उर्मिला देवी, पुतुल देवी, मालती देवी, रीना देवी समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर कार्यकारिणी की बैठक



**बरकट्ठा।** झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार₹ कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को कपका पंचायत भवन में मुखिया कमलेश कुमार की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन कर रहे पंचायत सचिव नागेश्वर गोप ने कहा कि सरकार के द्वारा चलाए जा रहे इस महत्वाकांक्षी योजना के द्वारा काफी लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि इस शिविर में बहुत से योजनाओं को लेकर स्टॉल लगाए जाएंगे जैसे अबुआ आवास योजना,मनरेगा से संबंधित मामले, बिरसा सिंचाई योजना ,जाति ,आय प्रमाण पत्र , सर्वजन पेंशन, कंबल वितरण, किसान क्रेडिट कार्ड, जनजातीय कल्याण, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, धोती साड़ी लूंगी वितरण, राशन कार्ड से संबंधित मामले ,बिजली बिल से संबंधित शिकायत, 15वीं वित,आयुष्मान कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र ,जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र ,सावित्रीबाई फुले बालिका समृद्धि योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना ,आधार कार्ड आदि जिसमें से मुख्य रूप से अबुआ आवास योजना को लेकर जरूरतमंद व्यक्तियों का चयन कर उसे शिविर के द्वारा उन व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने का काम करें। वहीं कमलेश कुमार ने तमाम कार्यकारिणी सदस्यों से कहा कि हम लोगों को सार्थक पहल कर समाज के अंतिम जरूरतमंद व्यक्ति तक सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। मौके पर बीएफटी, दिलीप दास, रोजगार सेवक प्रवीण वर्मा, उप मुखिया बैजनाथ मंडल पंसस डालेश्वर पंडित,वार्ड सदस्य रंजीत कुमार विजय पासवान उदित यादव समाजसेवी रघुवीर महतो छोटी दास सुनील दास संजय दास रूबी देवी समेत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बरही में निजी ट्रस्ट ने कर्ज मुक्ति के नाम पर लगा शिविर, 50 आवेदन जमा



नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** निःशुल्क कर्ज मुक्ति केंद्र के बैनर तले गुरुवार को हजारीबाग रोड स्थित आनंद आयुवेर्दा परिसर में सभी प्रकार के ऋण मुक्ति हेतु फॉर्म भरवाए गए. जिसमें सैकड़ों की संख्या में बरही सहित आस पास के लोग पहुंचकर आवेदन प्रपत्र भरने का काम किया. मामले के संबंध में जानकारी देते हुए संस्था के पदाधिकारी विशाल भदानी, जिन्होंने स्वयं को प्रदेश अध्यक्ष बताया, ने बताया कि 2022 से हमारी संस्था पूरे भारत में कर्जा मुक्ति अभियान चलाया है. इसके तहत वैसे सभी व्यक्ति, जिन्होंने किसी भी प्रकार का वाहन, गृह, मोबाईल, व्यवसाय, व्यक्तिगत आदि ऋण लिया है, उसे उनकी संस्था निःशुल्क माफ करवाती है. इसके लिए ऋणधारक को संस्था का फॉर्म भरना होगा, जिसे प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंचाए जायेगे. यह संस्था पूरे देश में कार्यरत है. अब तक लगभग साढ़े ग्यारह लाख आवेदन भरवाए जा चुके है. शिविर में ऋण माफी के नाम पर आवेदन भरवाते हुए संस्था में आवेदन जमा करने के एवज में प्रमाण पत्र भी दिए जा रहे थे. जिसे लाभुक को यह बताया जा रहा था कि इस प्रमाण पत्र को दिखाने पर कोई भी ऋणदाता आपको परेशान नहीं करेगा. इस कार्य के लिए दस से अधिक व्यक्ति का टीम कार्य कर रहा था. टीम में प्रदेश अध्यक्ष सहित प्रदेश प्रभारी मुकेश जायसवाल, जिला प्रभारी छेदी देवी, महासचिव प्रकाश अंबेदकर, कोडरमा जिला प्रभारी गोपाल सिंह, साहेबगंज गोड्डा जिला प्रभारी प्रभात पीटर टुड्डू, रांची केंद्र प्रभारी तनुजा भारती, बरही प्रखंड प्रभारी लिलधारी दास आदि कई लोग मौजूद थे. यह ऋण माफी शिविर लोगो के बीच चर्चा का विषय बना हुआ था. कुछ लोगो ने इसे सही तो कुछ लोगो ने गलत बताते हुए सावधान रहने की बात कहते हुए सावधानियां बरतने की बात कही. ऐसे मामले में लोगो को प्रशासन को सूचित करना चाहिए.

## दिव्यांग शिविर में एलिम्को सहित चिकित्सीय दल दिखे असंतुष्ट

### एसडीओ-सांसद प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** भारत सरकार के उपक्रम एलिम्को के तहत नगर भवन में दिव्यांगता मूल्यांकन शिविर लगाया गया. जिसमे प्रखंड के विभिन्न पंचायत से दिव्यांगजन पधारे थे. जिसमें स्वास्थ्य विभाग की ओर से नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ पवन कुमार, ऑडियोलॉजिस्ट डॉ रविरंजन, सीएनटी के डॉ साजिया मौजूद थे. शिविर में आने वाले लाभुक के पंजीकरण के बाद चिकित्सकों ने दिव्यांगता की जांच किया. नेत्र रोग और ऑर्डियोलॉजी के चिकित्सक शिविर की व्यवस्था से असंतुष्ट दिखे. आरोप था कि सुरक्षित कमरा नही होने के कारण जांच प्रभावित हो रहा है. इस प्रकार का शिविर अनुमंडलिय अस्पताल में ही लगाया जाना चाहिए था. वही यूआईडीएआई का सर्वर सही से काम नहीं होने के कारण मूल्यांकन रिपोर्ट भी प्रभावित रहा. एलिम्को की पीओ स्वाति गिरी ने बताया कि सभी काम शिविर में ही करना उचित नही था. लाभुको का पहले से पंजीकरण कर लेना चाहिए था. जिसका आज जांच और मूल्यांकन किया जाता, परंतु ऐसा नहीं होने के कारण मात्र 12 दिव्यांग जनो का ही मूल्यांकन हो सका है. सभी डाटा को एलिम्को के मुख्यालय तक पहुंचाया जाएगा. जिन्हे आवश्यकतानुसार अगले शिविर में उपस्कर उपलब्ध करवाए जायेंगे.

### एसडीओ ने किया निरीक्षण

शिविर का निरीक्षण करने एसडीओ पूनम कुजूर स्वयं पहुंची थी. उन्होंने शिविर में लगे विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण किया और व्यवस्था संबंधित पूरी जानकारी सीडीपीओ से लिया. साथ ही शिविर में लाभुक सहित सेवाकामियो को हर संभव व्यवस्था देने का निर्देश दिया. सासंद प्रतिनिधि गणेश यादव ने बताया कि यह एक महत्वपूर्ण कैंप है. जिसका प्रचार प्रसार में कमी हुई है. इस दौरान विधायक प्रतिनिधि (स्वास्थ्य) मो रिजवान, मुखिया विजय कुमार यादव,पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप, छोटन ठाकुर, कामेश्वर रविदास इत्यादि कई लोग मौजूद रहे.

## रामगढ़ : बाजार समिति के नजदीक अमन ट्रेडर्स प्रतिष्ठान का उदघाटन



**रामगढ़।** शहर के बाजार समिति गेट के निकट 23 नवम्बर को अमन ट्रेडर्स नामक छड़-सीमेंट प्रतिष्ठान का उदघाटन हुआ। प्रतिष्ठान का उदघाटन बतौर अतिथि झारखंड वैश्य समाज के केंद्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता एवं झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा ने विधिवत रूप स फीता काटकर किया। मौके पर नंदकिशोर गुप्ता ने कहा की इस स्थान पर इस प्रतिष्ठान के आरंभ होने से शहर सहित जिलाभर के लोगों के छड़- सीमेंट की जरूरत पूरी हो सकेगी। कहा की यहां पर इस तरह के प्रतिष्ठान की जरूरत थी। जबकि झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा ने कहा की प्रतिष्ठान संचालक दिनेश प्रसाद गुप्ता को मैं शुभकामनाएं देता हूं। कहा की इस स्थान पर ऐसे प्रतिष्ठान की जरूरत थी। कहा की प्रतिष्ठान के आरंभ हो जाने के बाद लोगों को निर्माण कार्य के लिए छड़ सीमेंट लेने में सुविधा होगी। संचालक दिनेश प्रसाद गुप्ता ने कहा की मेरे इस प्रतिष्ठान में लोगों को छड़ और सीमेंट उचित मूल्य पर उपलब्ध होगा। कहा की मैं अपने प्रतिष्ठान में लोगों को बेहतर सेवा देने का पूरा प्रयास करूंगा। मौके खोगेंद्र साव, यमुना साव,राधेश्याम साव, शिव शंकर साव, छोटन सिंह, राजेश प्रसाद, विनोद साव, एसडी प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

### भक्तों में उत्साह

### श्री गुरु नानक देव जी के 555वें जन्मोत्सव पर निकाली गई प्रभात फेरी

# दर्शन देख जीवां गुर तेरा पूरण करम होये प्रभु मेरा...



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** सिख धर्म के संस्थापक एवं सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव के 555 वें प्रकाशोत्सव को लेकर 23 नवम्बर को छठे दिन की प्रभात फेरी उत्साह के साथ निकाली गई । प्रभात फेरी के छठे दिन भी बड़ी संख्या में सिख समाज के महिला एवं महिला शामिल हुए। प्रभात फेरी में साध-संगत शब्द गाते चलते रहे थे जिससे माहौल भक्तिमय हो गया था । प्रभात फेरी में सबसे आगे कुज्जू गुरुद्वारा के पूर्व प्रधान सरदार रामदयाल सिंह चोपड़ा हाथों में निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई कर आगे आगे चल रहे थे। इस मौके पर साध संगत गुरा इक देह बुझाई, जो मांगे ठाकुर अपने ते, आखा जीवा वर्सरे मर जाओ, दर्शन देख जीवा गुर तेरा पुरण करम होए प्रभ मेरा₹ आदि शब्दों के गायन से शहर की फिजा को भक्तिमय बनाते बढ़ रहे थे । छठे दिन की प्रभात फेरी श्री गुरुद्वारा साहिब से आरम्भ होकर कर सुभाष चौक होते हुए बिजुलिया सरदार परविंदर सिंह गांधी के आवास पहुंची। जहां साध संगत का स्वागत किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से डॉ नरेंद्र सिंह सोनी ने सरदार परविंदर सिंह गांधी को सरोपा देकर सम्मानित किया। यहां परिवार वालों ने साध संगत के लिए चाय नाश्ता का प्रबंध किया।

### छठे दिन की प्रभात फेरी में हुए शामिल

छठे दिन की प्रभात फेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मित प्रधान हैप्पी छाबड़ा, डॉ नरेंद्र सिंह, हरपाल सिंह अरोड़ा, इंद्रजीत जस्सल , जगजीत सिंह सोनी, जिगर छाबड़ा, कवलजीत सिंह लांबा, हरजाप सिंह, तेजिंदर सिंह सोनी, कुलवंत मारवाह, पपींदर सिंह खंबे, जसविंदर सिंह सलूजा, गुरप्रीत चाना, जगजीत सिंह, इंद्रजीत सिंह कालरा,बबलू, कमल जस्सल, अजय सिंह छाबड़ा, हरदीप सिंह होरा, जसकीरत सिंह भाटिया, राजू, जसकीरत सिंह सैनी, रौनक सिंह, गुरजोत सिंह, नरेंद्र सिंह होरा, गुरदीप सिंह सैनी, कमलजीत सिंह लांबा, लकी मेहरा, पलविंदर सिंह बल, इकबाल सिंह, यश छाबड़ा, राजा कालरा, इंद्रजीत सिंह जस्सल, राजी गांधी, नरेंद्र सिंह गुजराल,बुग्गी जस्सल ब्रदर, देवेंद्र अरोड़ा, प्रीतम सिंह, त्रिलोचन सिंह, रज्जी गांधी, विनसी कोहली, नरेंद्र सिंह, इंद्रपाल सिंह, रवींद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, पलविंदर सिंह, गुरजीत सिंह, विमला जस्सल, रानी जस्सल , रोमा छाबड़ा, मनप्रीत सैनी नवलजीत मल्होत्रा, लवली लांबा, बलविंदर कोर, बबली सोनी, मंजीत अरोड़ा, सुमी जोली, गुरबख्श कौर सैनी, मनप्रीत सैनी, महेंद्र कौर, रंजीत कौर आदि शामिल हुए।

